बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

– : संकल्प :–

सं०सं०– प्र०–09 / समा०–02–08 / 2026..685..... पटना–15, दिनांक–..13.. / 10 / 2026

कैलाशपति मिश्र का जन्म 05 अक्टूबर, 1923 को बिहार के बक्सर जिले के ग्राम दुधारचक में हुआ था। विद्यार्थी जीवन से ही उनके भीतर राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई देने लगी थी। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में किशोरावस्था में ही उन्होंने सक्रिय भागीदारी की और उसके लिए वे जेल भी गए। वर्ष 1977 में वे विक्रम विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए और बिहार सरकार में वित्त मंत्री का दायित्व संभाला। सार्वजनिक जीवन में सादगी और ईमानदारी उनकी व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषता रही। वर्ष 2003 में उन्हें गुजरात का राज्यपाल नियुक्त किया गया। इस दौरान कुछ समय के लिए वे राजस्थान के राज्यपाल के अतिरिक्त प्रभार में भी रहे। श्री मिश्र का जीवन सादगी, कर्त्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, सार्वजनिक जीवन की शुचिता और राष्ट्रसेवा के मूल्यों का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनकी जीवन यात्रा हमें यह संदेश देती है कि सार्वजनिक जीवन की वास्तविक सफलता पद, प्रतिष्ठा अथवा सत्ता में नहीं बल्कि समाज के लिए किये गये निःस्वार्थ कार्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़ी गयी प्रेरणा में निहित होती है।

राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि गुजरात एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व० कैलाशपति मिश्र की जयंती प्रत्येक वर्ष 05 अक्टूबर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) परिसर, पटना में उनकी प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह के रूप में आयोजित की जायेगी।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

13.10.21
(महेन्द्र प्रसाद यादव)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09 / समा०–02–08 / 2026..685..पटना–15, दिनांक–..13 / 10 / 2026

प्रतिलिपि :– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि इसकी 200 मुद्रित प्रतियाँ मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (नयाचार शाखा), बिहार, पटना को शीघ्र उपलब्ध करायी जाय।

13.10.21
सरकार के संयुक्त सचिव।

क्रमशः....

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–08/2026...685...पटना–15, दिनांक–...13../10/2026
प्रतिलिपि :– राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/सभापति, बिहार विधान परिषद् के आप्त सचिव/अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आप्त सचिव/सभी मंत्री एवं राज्यमंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–08/2026...685...पटना–15, दिनांक–...13../10/2026
प्रतिलिपि :– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–08/2026...685...पटना–15, दिनांक–...13../10/2026
प्रतिलिपि :– सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–08/2026...685...पटना–15, दिनांक–...13../10/2026
प्रतिलिपि :– प्रशाखा पदाधिकारी–1 एवं आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।